**राष्ट्रीय एकता दिवस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पटना स्थित पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) तथा क्षेत्रीय आउटरिच ब्यूरो (आरओबी) द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों पर रिपोर्ट**

---------------------------------------------

**पत्र सूचना कार्यालय**

**भारत सरकार, पटना**

***

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पटना स्थित मीडिया ईकाइयों ने आयोजित किए कई कार्यक्रम**

आजाद भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 143वीं जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2018 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पटना स्थित मीडिया ईकाइयों, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) तथा क्षेत्रीय आउटरिच ब्यूरो (आरओबी) द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों - रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़), वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, एकता शपथ - का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले छात्र-छात्राओं ने एकता दौड़ में हिस्सा लिया। उसके बाद शिक्षकों, बच्चों और अतिथियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान देश की एकता में सरदार पटेल की भूमिका पर वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता छात्र-छात्रओं को मौके पर ही पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में न्यूज18 के बिहार-झारखंड प्रभारी अमिताभ ओझा ने कहा कि बहुत सारे बच्चों को अपने महापुरूषों के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में सरदार पटेल की जयंती पर बच्चों के बीच कार्यक्रम आयोजित कर महापुरूषों के बारे में जानने को लेकर एक संदेश दिया गया है। मौके पर पीआईबी के निदेशक दिनेश कुमार ने कहा कि हर बच्चे के अंदर में पटेल बनने की क्षमता होती है। कोई गांधी बनता है तो कोई सुभाष चंद्र बोस। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में

जो जुड़ें हैं, उन्हें याद रखना होगा। सरदार पटेल भी हमारे जीवन से जुड़े हैं। उन्होंने राष्ट्रवाद का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है।

पीआईबी के सहायक निदेशक संजय कुमार ने कहा कि सरदार पटेल ने देश के लिए जो भी कुछ किया उसे भुलाया नहीं जा सकता। जरूरत है उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की और देश को एकसूत्र में पिरो कर रखने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त उप विकास आयुक्त राम प्रसाद राम ने कहा कि सरदार पटेल कुछ और दिन जीवित होते तो भारत की तस्वीर कुछ और होती। अंकुर पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल एक साहसिक व्यक्ति थे और उन्होंने अपनी जिम्मेवारियों को पूरी ईमानदारी से निभाया।

***




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय तथा लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित एकता दौड़ को  हरी झंडी दिखाते हुये स्कूल के निदेशक




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय तथा लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित एकता दौड़ में भाग लेते छात्र-छात्राएं





राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय तथा लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित शपथ कार्यक्रम के दौरान एकता शपथ लेते छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग





राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय तथा लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुये छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय तथा लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण





राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय तथा लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा अंकुर पब्लिक स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र-छात्राएं







राष्ट्रीय एकता दिवस पर वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्रओं को मौके पर ही पुरस्कृत करते निदेशक पसूका पटना ।

****


NCIPAL
Sardar Patel




राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्र-छात्राओं की सरदार पटेल पर स्लोगन एवं चित्रों की प्रदर्शनी

********

**पत्र सूचना कार्यालय**

**भारत सरकार, पटना**

***

## सरदार पटेल अगर कुछ दिन और जीवित होते तो देश की एकता और अखंडता और सुदृढ़ होती - डॉ. सीपी ठाकुर

सरदार वल्लभभाई पटेल अगर कुछ दिन और जीवित होते तो देश की एकता और अखंडता और सुदृढ़ होती। पद्मश्री और राज्यसभा सांसद डॉ. सी. पी. ठाकुर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 143वीं जयंती तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2018 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो (आरओबी) द्वारा पटना के गर्दनीबाग मध्य विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा। डॉ. ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए जो कार्य सरदार पटेल ने किए हैं, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय और आरओबी के अपर महानिदेशक एस. के. मालवीय ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के लिए जो पहल की वह एक मिसाल है। श्री मालवीय ने कहा कि सरदार पटेल राष्ट्र के लिए एक आदर्श हैं और उनके आदर्शों पर हमें चलना चाहिए। मौके पर आरओबी के निदेशक विजय कुमार और गर्दनीबाग मध्य विद्यालय की प्रचार्या ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आरओबी की ओर से आयोजित एकता दौड़ को डॉ. सीपी ठाकुर ने हरी झंडी दिखाया। बाद में वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, एकता शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

***



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आरओबी की ओर से आयोजित एकता दौड़ को डॉ. सीपी ठाकुर हरी झंडी दिखाते हुये



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा पटना के गर्दनीबाग मध्य विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का शुभारंभ करते गणमान्य लोग




पद्‌मश्री और राज्यसभा सांसद डॉ. सी. पी. ठाकुर, गर्दनीबाग मध्य विद्‌यालय पटना में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए






पत्र सूचना कार्यालय और आरओबी के अपर महानिदेशक एस. के. मालवीय गर्दनीबाग मध्य विद्यालय पटना में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा पटना के गर्दनीबाग मध्य विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं



राष्ट्रीय एकता दिवस पर वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को मौके पर ही पुरस्कृत करते पत्र सूचना कार्यालय और आरओबी के अपर महानिदेशक एस. के. मालवी




राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के लोक संपर्क एवं संचार ब्यूरो द्वारा पटना के गर्दनीबाग मध्य विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलकी

****

राष्ट्रीय एकता दिवस पर पीआईबी और आरओबी पटना में एकता शपथ

--------



राष्ट्रीय एकता दिवस पर के अवसर पर पीआईबी पटना और आरओबी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता और अखंडता की शपथ दिलाते अपर महानिदेशक श्री एस.के.मालवीय

*****